Title: Need to include Unnao and Gangaghat under Ganga Action Plan.-Laid

श्री देवी बक्स सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री जी का ध्यान गंगा नदी में प्रदूषण की ओर दिलाना चाहता हूं । गंगा एक्शन प्लान में जिन क्षेत्रों को लिया गया था उन क्षेत्रों में अभी भी गंभीर प्रदूषण की समस्या बनी हुई है, विशेषकर उत्तर प्रदेश में । मेरे जनपद उन्नाव के गंगा घाट एवं उन्नाव की टेनरियों का कूड़ा कचरा एवं सारा गंदा पानी गंगा नदी में गिर रहा है जिसके कारण यहां पर पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि यहां पर बच्चे भी अपंग पैदा हो रहे हैं और क्षेत्र के निवासी कई रोगों से ग्रस्त हैं । यहां का पानी पीने योग्य भी नहीं है । प्रदेश सरकार का ध्यान भी इस ओर दिलाया गया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उन्नाव एवं गंगा घाट को गंगा एक्शन प्लान में शामिल किया जाए और इस क्षेत्र के प्रदूषण का सर्वे करने के लिए एक केन्द्रीय टीम भेजी जाए, जो मौके पर जाकर इसका जायजा लें और क्षेत्र के लोगों की जीवन रक्षा की जाए ।